देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 92 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...छोटा हुआ आर्कटिक सर्कल



देहरादून, बृहस्पतिवार, 8 जुलाई 2021

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 24.0°

39339.38

2 पासपोर्ट की सूची में भारत को झटका

7 हार को जीत में बदलने वाले है धौनी

# मोदी मंत्रिमंडल में 43 नए मंत्री

## नई कैबिनेट में पांच इंजीनियर, सात नौकरशाह, 13 वकील और छह डॉक्टर हुए शामिल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपनी कैबिनेट का विस्तार किया। इस मंत्रिमंडल विस्तार में कुल 43 मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ ली। इससे पहले कई मंत्रियों ने इस्तीफा भी दिया। सबसे पहले नारायण राणे ने शपथ ली। नारायण राणे, सर्बानंद सोनोवाल के अलावा मध्य प्रदेश से ज्योतिरादित्य सिंधिया और वीरेंद्र कुमार समेत 15 नेताओं ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। अब 28 भाजपा सांसदों को राज्य मंत्री की शपथ दिलाई गई। इनमें यूपी से अनुप्रिया पटेल समेत कई नेता शामिल हैं।

**इन्हें बनाया गया कैबिनेट मंत्री**

मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा नेता नारायण राणे, सर्बानंद सोनोवाल, वीरेंद्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया, आरसीपी सिंह, अश्विनी वैष्णव, पशुपति कुमार पारस, किरण रिजिजू, राजकुमार सिंह, हरदीप सिंह पुरी, मनसुख मंडाविया, भूपेंद्र यादव, पुरुषोत्तम रूपाला, जी किशन रेड्डी और अनुराग ठाकुर को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।

**इन्हें बनाया गया राज्य मंत्री**

पीएम मोदी की नई कैबिनेट में पंकज चौधरी, अनुप्रिया पटेल, सत्यपाल सिंह बघेल, राजीव चंद्रशेखर, शोभा करंदलाजे, भानुप्रताप सिंह वर्मा, दर्शना विक्रम जरदोश, मीनाक्षी लेखी, अन्नपूर्णा देवी, ए नारायण स्वामी, कौशल किशोर, अजय भट्ट, बीएल वर्मा और अजय कुमार को राज्य मंत्री के तौर पर शामिल किया गया है। भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राजकुमार रंजन सिंह, भारती प्रवीण पवार, बिश्वेश्वर टुडु, शांतनु ठाकुर को राज्य मंत्री पद की शपथ दिलाई।

कपिल मोरेश्वर पाटील, प्रतिमा भूमिक, डॉ. सुभाष सरकार, डॉ. भागवत किशनराव कराड ने भी राज्य मंत्री पद की शपथ ली। बताया जाता है कि पीएम मोदी की नई कैबिनेट में पांच इंजीनियर, सात नौकरशाह, 13 वकील और छह डॉक्टर शामिल हुए हैं।

भाजपा नेता प्रकाश जावड़ेकर, रविशंकर प्रसाद और हर्षवर्धन नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने भी मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। समारोह में सीडीएस जनरल बिपिन रावत भी मौजूद हैं।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री निशंक ने दिया इस्तीफा

देहरादून। केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। खराब स्वास्थ्य के चलते उन्होंने इस्तीफा दिया है। अभी कुछ दिन पहले कोरोना के चलते निशंक दिल्ली एम्स अस्पताल में भर्ती हुए थे। उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी गई थी। उन्हें करीब 15 दिन तक आईसीयू में रहना पड़ा था।



### कैबिनेट विस्तार से पहले कई मंत्रियों की छुट्टी

मंत्रिमंडल में बदलाव से पहले कई मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। इस क्रम में प्रकाश जावड़ेकर, रविशंकर प्रसा, आसनसोल से सांसद बाबुल सुप्रियो, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन, श्रम मंत्री संतोष गंगवार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से देबोश्री चौधरी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक समेत अनेक मंत्रियों ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया है। इसमें महाराष्ट्र कोटे से मंत्री राव साहब दानवे और संजय दोत्रे का भी नाम शामिल है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री डीवी सदानंद गौड़ा ने भी मोदी मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। वहीं कर्नाटक के लिए नियुक्त किए गए राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राज्यसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंप दिया।

### मंत्रिमंडल का नहीं, सत्ता की भूख का विस्तारः कांग्रेस

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी 2.0 के पहले मंत्रिपरिषद फेरबदल और विस्तार से पहले कांग्रेस ने केंद्र पर तंज कसा है कि यह कैबिनेट का नहीं बल्कि सत्ता की भूख का विस्तार होने जा रहा है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि अगर परफॉर्मेंस के आधार पर कैबिनेट विस्तार होता तो सबसे पहले कई प्रमुख मंत्रियों का इस्तीफा होता। उन्होंने सवाल किया है कि कोरोना महामारी में शर्मिंदगी से मुंह मोड़नेश वाले प्रधानमंत्री का अप्रैजल कब होगा? सिर्फ स्वास्थ्य मंत्री को बलि का बकरा बनाकर प्रधानमंत्री अपना पल्ला नहीं झाड़ सकते। ट्वीट कर आरोप लगाया कि स्वास्थ्य मंत्री, कृषि मंत्री, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री का प्रदर्शन नाकामी भरा है लिहाजा इन्हें हटाया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मेघालय में 5.2 तीव्रता के साथ आए भूकंप के झटके

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

शिलॉन्ग। पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का असर असम, उत्तर बंगाल और पड़ोसी देश बांग्लादेश तक रहा। नैशनल सेंटर ऑफ सिस्मॉलजी के अनुसार, सुबह पौने 8 बजे भूकंप के झटके महसूस हुए। इस दौरान रिक्टर स्केल पर भूकंप तीव्रता 5.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र मेघालय से 71 किमी उत्तर की ओर तुरा में स्थित था।

### देश में सुधरा कोरोना संक्रमण का ग्राफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में रोज आने वाले संक्रमण के नए मामलों में कमी के साथ ही सक्रिय मामलों में आई कमी राहत का संकेत दे रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार 24 घंटों में देश में 43,733 नए संक्रमितों की पहचान हुई और 930 संक्रमितों की मौत हो गई।

# कोविड नियमों के उल्लंघन पर हाईकोर्ट ने सरकार को फटकारा

## कहा, हिल स्टेशनों पर वीकेंड कर्फ्यू पर करें विचार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नैनीताल। हाई कोर्ट ने नैनीताल में बिना आरटीपीसीआर टेस्ट रिपोर्ट के पर्यटकों को एंट्री देने, पर्यटन स्थलों पर कोविड प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ने के मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए वीकेंड पर कर्फ्यू लगाने पर विचार करने को कहा है। कोर्ट ने चारधाम यात्रा मामला सुप्रीम कोर्ट में होने का हवाला देते हुए किसी तरह का आदेश पारित करने से मना कर दिया।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर की ओर से चारधाम के गर्भगृह से पूजा–अर्चना की लाइव स्ट्रीमिंग को शास्त्र सम्मत नहीं होने का जिक्र किया तो कोर्ट ने कहा कि उस शास्त्र की जानकारी दो। बुधवार को अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली, सच्चिदानंद डबराल, अनु पंत की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सात जुलाई को प्रकाशित खबर कोविड जांच कराए बिना पहुंच रहे पर्यटक, खबर का संज्ञान लिया। कोर्ट ने कहा कि नैनीताल ज्यूडिशियल राजधानी है, यह समझना चाहिए। माल रोड पर कोविड नियमों का उल्लंघन हो रहा है।

कोर्ट ने यह दिशा निर्देश दिए जिसमें उन्होंने पूछा कि सप्ताहांत में पर्यटकों के लिए दी गयी छूट पर पुनर्विचार करें और कोर्ट को बताएं। डेल्टा प्लस वैरिएंट की जांच के लिए जो सैम्पल भेजे गए हैं, उनकी रिपोर्ट का विवरण दें।

जहां सैम्पल लिए गए हैं, उन जिलों के अधिकारियों ने सावधानी के लिए क्या निर्णय लिए हैं? राज्य के कितने सरकारी कितने निजी अस्पतालों में एमआरआई है, कितनों में नहीं है इसकी रिपोर्ट दें। कितने पीडियाट्रिक (बाल रोग) वार्ड हैं, बेड हैं? अगली तारीख पर 28 तारीख तक यह रिपोर्ट फाइल करें और मुख्य सचिव वीकेंड टूरिज्म के बारे में लिए गए निर्णय के संबंध में कोर्ट को अवगत करवाएं।

### प्रतिदिन कितना वैक्सिनेशन प्रदेश में हो रहा है

कोर्ट ने कहा कि प्रतिदिन कितना वैक्सिनेशन प्रदेश में हो रहा है। कितनों को फर्स्ट डोज लग गयी है। प्रतिदिन का रेट? कितने बुजुर्ग व्यक्तियों और विकलांगों को अब तक वैक्सीन लग चुकी है। उसके लिए राज्य सरकार ने क्या कदम उठाए? क्या नियर टू होम वैक्सीनेशन क्लिनिक के बारे में सरकार ने कोई विचार किया गया है? उत्तराखंड में इंटर्न चिकित्सकों को 7500 मानदेय दिया जा रहा है। राज्य सरकार मानदेय बढ़ाने के बारे में विचार करें।

# नहीं रहे ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मुंबई। बॉलिवुड के पहले सुपरस्टार और ट्रेजिडी किंग के नाम से मशहूर अभिनेता दिलीप कुमार का बुधवार 7 जुलाई 2021 की सुबह निधन हो गया। दिलीप कुमार 98 साल के थे और पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। दिलीप कुमार ने मुंबई के खार स्थित हिंदुजा अस्पताल में सुबह 7:30 बजे आखिरी सांसें लीं। उनके निधन से पूरे बॉलिवुड में शोक की लहर दौड़ गई है। दिलीप कुमार का अंतिम संस्कार बुधवार को ही मुंबई के सांताक्रूज कब्रिस्तान में किया गया। शाम करीब 5 बजे उन्हें सुपुर्द–ए–खाक किया गया। दिलीप कुमार का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी है।

इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भी दिलीप कुमार के घर पहुंचे। वहीं फिल्मी जगत की तमाम हस्तियां भी श्रद्धांजलि देने दिलीप कुमार के घर पहुंचे हैं। दिलीप कुमार का इलाज कर रहे डॉ. जलील पारकर ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हमने हर संभव कोशिश की। हम यही चाहते थे कि वो 100 साल पूरे करें। 98 साल के उम्र में हर इंसान को कई तकलीफें होती हैं। डॉ. निखिल गोखले लगातार दिलीप कुमार की देखरेख कर रहे थे।

### अलविदा

■राजकीय सम्मान के साथ किया गया सुपुर्द–ए–खाक

### असली नाम मोहम्मद यूसुफ खान था

दिलीप कुमार का असली नाम मोहम्मद यूसुफ खान था और उनका जन्म अविभाजित भारत के पेशावर में 11 दिसंबर 1922 को हुआ था। उन्होंने साल 1944 में फिल्म ज्वार भाटा से बॉलिवुड डेब्यू किया था। इसके बाद दिलीप कुमार बॉलिवुड के पहले सुपरस्टार बने और उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्में दीं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development** — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding** — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation** — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in

# मैं भारत में सबसे लंबे समय तक रहने वाला मेहमान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हैदराबाद। तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने बुधवार को कहा कि वह भारत में सबसे लंबे समय तक रहने वाले अतिथि हैं, जो अपने मेजबान को कभी किसी परेशानी में नहीं डालेंगे। डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज एंड अदर्स के सह–अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक जीवी प्रसाद के साथ एक वर्चुअल संवाद सत्र में दलाई लामा ने कहा कि अहिंसा और करुणा में विश्वास रखने वाला भारत अन्य देशों के लिए एक आदर्श है।

### भारत अन्य देशों के लिए एक आदर्श हैः दलाई लामा

दलाई लामा ने कहा, जैसा कि मैंने हमेशा उल्लेख किया है, भारत मेरा घर है। मेरा जन्म तिब्बत में हुआ था, लेकिन मेरा अधिकांश जीवन इसी देश में बीता... मुझे वास्तव में गर्व महसूस होता है कि मैं भारत सरकार का अतिथि हूं। मुझे लगता है कि मैं भारत सरकार का सबसे लंबा मेहमान हूं। लेकिन कम से कम यह मेहमान कोई समस्या नहीं पैदा करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में धार्मिक सद्भाव उल्लेखनीय है और मीडिया स्वतंत्र है। कुछ देशों को भारत के धार्मिक सद्भाव के सिद्धांतों का पालन करने की आवश्यकता है।